अविनाशी अविकार परम रस धाम हैं।
समाधान सर्वज्ञ सहज अभिराम हैं॥
शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध अनादि अनंत हैं।
जगत शिरोमणि सिद्ध सदा जयवंत हैं॥१॥

× × × × ×

स्वस्वरूपस्थितान् शुद्धान्, प्राप्ताष्टगुणसंपदः।
नष्टाष्टकर्मसंदोहान्, सिद्धान् वन्दे पुनः पुनः॥

मूल्य ०—[illegible]

वीर संवत २४९०

प्रथमावृत्ति २०००

विक्रम संवत् २०२१

मुद्रक – श्री जैन प्रिंटिंग प्रेस सैलाना (म. प्र.)

सिद्ध—स्तुति

और

नन्दी स्तुति आदि

संग्राहक :—

रतनलाल डोशी

द्रव्यसहायक:—

श्रीमान् सेठ किमनलालजी पृथ्वीराजजी मालु

खींचन (मारवाड़)

—: निवेदन :—

धर्म साधना, देव की आराधना से प्रारम्भ होती है। देव पर श्रद्धा होना पहली शर्त है। अरिहंत देव पर श्रद्धा जमना जितना सरल है, उतना सिद्ध भगवान पर नहीं है। अरिहंत भगवान् पुरुषाकार युक्त होते हैं। पुरुष में रहा हुआ परम वीतरागता एवं ज्ञान प्रकाश से प्रकाशमान आत्मा का चिन्तन उतना कठिन नहीं, जितना शरीर रहित-निराकार आत्मा का स्वरूप चिन्तन है। परम पारिणामिकभाव युक्त आत्मा के स्वरूप का विचार और वैसे ही निर्दोष अपने सत्तागत आत्म-स्वरूप की तुलना आदि का चिंतन तो अभ्यास से हो हो सकता है। बहुत कम व्यक्ति निराकार सिद्ध परमात्मा का चिंतन करते हैं। समाज में जितनी स्तुतियाँ स्तवन एवं स्तोत्र, अरिहंत भगवान् के हैं, उतने सिद्ध भगवान के नहीं हैं। फिर भी सिद्ध भगवान का स्मरण वंदन और कीर्तन होना है। ऐसे सिद्ध भगवान् की भक्ति के रसिकों के लिए यह सिद्ध स्तुति प्रकाश में आरही है।

स्तुति स्तोत्र और प्रार्थनाओं से विशेष लाभ तभी हो सकता है जब कि उनके भावों को समझा जाय और एकाग्रता पूर्वक उन गुणों-विशेषताओं को ध्यान में लेते हुए स्तुति की जाय। इधर उधर भटकते हुए मन को खिंचकर आराध्य के स्वरूप चिंतन अथवा स्तुति में वर्णित भावों में लगाने से आत्मा में रहे हुए उन गुणों को बल मिलता है आत्मा पर के अशुभ आवरण उतने अंशों में हटते हैं और आत्मा की विशुद्ध पर्यायें खुलने

लगती है। साधना, प्रयत्न साध्य होती है। अभ्यास बढ़ाने से सफलता की ओर गति होती है। यदि स्वाध्याय प्रेमियों ने इस ओर ध्यान दिया, तो उन्हें आनन्द की अनुभूति होगी।

इसमें सर्व प्रथम आगम के आधार से सिद्ध भगवान् का स्वरूप बताया गया है। इसके बाद पृ ९ से आगमोक्त सिद्ध स्तुति प्रारम्भ की गई है। प्रारम्भ से गाथा २२ तक उववाई और प्रज्ञापना सूत्र से ली गई है और शेष गाथाएँ विविध ग्रंथों से लीगई है। इसके बाद पृ २० से लगाकर पृ ३६ तक प्राकृत भाषा की ८३ गाथाओं की वह स्तुति दी गई है, जिसमें "बड़ी साधु वन्दना" की तरह सिद्धगति प्राप्त सभी परमात्माओं का स्मरण कर नमस्कार किया गया है—जिनका उल्लेख आगमों में हुआ है, और जिसका चौथा चरण "नमो अनंत सिद्धाणं" है। इस सिद्धस्तुति का पाठ पूज्य श्री नानचन्द्रजी म की सम्प्रदाय के स्वर्गीय तपस्वीराज श्री सिरेमलजी महाराज, रोज करते थे और अब तपस्वीश्री चम्पालालजी म आदि सन्त करते रहते हैं। यहा तक सभी प्राकृत स्तुतियां अर्थ सहित दी गई है। इसके बाद "परमानन्द स्तोत्र," फिर हिन्दी स्तुतियाँ और एक गुजर भाषामय सिद्ध स्थान वर्णन साध्य देकर सिद्धस्तुति पृ ४२ में पूर्ण की गई। इसके बाद पृ ४३ से नन्दीसूत्र के प्रारम्भ में आई हुई स्तुतियाँ और स्थविरावली भी दे दी गई है। हमारी योजना इतनी ही सामग्री देने की थी। किंतु धर्मरसिक श्रीमान सेठ किसनलालजी साहब मालू सोजन निवासी के आग्रह से भक्तामर, कल्याण मन्दिर, [illegible]

स्व. पूज्यश्री रत्नचन्द्रजी म. सा. का गुणाष्टक तथा मान्य चारित्रात्मा बहुश्रुत पं. मुनिराज श्रीसमर्थमलजी म. सा. के तीन गुणाष्टक दिये गये हैं। इस प्रकार इसकी सामग्री में वृद्धि हुई है।

इसकी एक हजार प्रतियों के प्रकाशन का व्यय श्रीमान् सेठ किशनलालजी पृथ्वीराजजी मालू ने प्रदान किया है। यह प्रकाशन स्वाध्याय प्रेमियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

विनीत –

मानकमाल पारवाल–अध्यक्ष

धर्मपूर्णिमा २०२१ रतनलाल डोसी–प्रधानमन्त्री

बाबूलाल सराफ–मन्त्री

जसवन्तमाल शाह–मन्त्री

सिद्ध-स्तुति

—•••—

सिद्ध का स्वरूप

ते णं तत्थ सिद्धा हवंति—सादीया अपज्जवसिया असरीरा जीवघणा दंसणनाणोवउत्ता निट्ठियट्ठा निरे-यणा नीरया णिम्मला वितिमिरा विसुद्धा सासय-मणागयद्धं कालं चिट्ठंति।

वहां (=लोकाग्रपर) वे सिद्ध होते हैं। आदि सहित, अन्त रहित शरीर रहित ज्ञान और दर्शन रूप (साकार और अनाकार) उपयोग से युक्त, सब प्रयोजनों से निवृत्त, कम्पन से रहित=निश्चल, बध्यमान (=रजरूप आते हुए) कर्मों से रहित, *पूर्वबद्ध कर्मों से मुक्त अज्ञान से रहित और विशुद्ध (=अमिश्रित* शुद्ध जीव स्वरूपवाले) होकर अनागत सदाकाल भविष्य काल में शाश्वत (=अविनश्वर) रहते हैं।

से केणट्ठेण भंते! एवं वुच्चइ–ते णं तत्थ सिद्धा भवंति सादीया अपज्जवसिया जाव चिट्ठंति?–गोयमा! से जहाणामए बीयाणं अग्गिदड्ढाणं पुणरवि अंकुरुप्पत्ती ण भवइ। एवामेव सिद्धाण, कम्मबीए दड्ढे पुणरवि जम्मुप्पत्ती न भवइ। से तेणट्ठेण गोयमा! एवं वुच्चइ–ते णं तत्थ सिद्धा भवंति सादीया अपज्जवसिया जाव चिट्ठंति।

भन्ते! किस आशय से इस प्रकार कहते हैं कि वहाँ वे सिद्ध होते हैं, सादि अन्त रहित यावत् शाश्वत रहते हैं?

गौतम! जैसे अग्नि से जले हुए बीजों की पुनः अंकुर रूप उत्पत्ति नहीं होती है। उसी प्रकार कर्म बीजों के जल जाने पर सिद्धों की भी पुनः जन्मरूप उत्पत्ति नहीं होती है। इसलिए गौतम! मैं इस प्रकार कहता हूँ कि–'वे वहाँ सिद्ध होते हैं यावत् अनागत काल में शाश्वत रहते हैं।'

जीवा णं भंते! सिज्झमाणा कयरम्मि संघयणे सिज्झंति? गोयमा! वइरोसभणारायसंघयणे सिज्झंति।

भन्ते! सिद्धयमान (=सिद्ध होने वाला) जीव कौनसे संहनन (=हड्डियों के बंधन) में सिद्ध होते हैं?

–गौतम! वज्रऋषभनाराच संहनन (=कीलिका और पट्टी सहित मर्कट बंधमय संधियों वाला हड्डियों का बंधन) में सिद्ध होते हैं।

जीवा ण भंते ! सिज्झमाणा कयरम्मि संठाणे सिज्झंति ?–गोयमा ! छण्हं संठाणाणं अण्णयरे संठाणे सिज्झंती ।

भन्ते ! सिद्धयमान जीव कौन-से प्रकार में सिद्ध होते हैं ?

–गौतम ! छह संस्थान (=आकार) में से किसी भी संस्थान में सिद्ध होते हैं ।

जीवा ण भंते ! सिज्झमाणा कयरम्मि उच्चत्ते सिज्झंति ?–गोयमा ! जहण्णेणं सत्तरयणीओ, उक्कोसेण पंचधणुस्सए सिज्झंति ।

भन्ते ! सिद्धयमान जीव कितनी ऊँचाई में सिद्ध होते हैं ?

–गौतम ! जघन्य सात हाथ और उत्कृष्ट पांच सौ धनुष की ऊँचाई में सिद्ध होते हैं ।

जीवा ण भंते ! सिज्झमाणा कयरम्मि आउए सिज्झंति ?–गोयमा ! जहण्णेणं साइरेगट्ठवासाउए, उक्कोसेणं पुव्वकोडियाउए सिज्झंति ।

भन्ते ! सिद्धयमान जीव कितने आयुष्य में सिद्ध होते हैं ?

–गौतम ! जघन्य आठ वर्ष से अधिक आयुष्य में और उत्कृष्ट कोटिपूर्व की आयुष्य में सिद्ध होते हैं । अर्थात् आठ

वष से ऊपर की प्रायुष्य मे लगाकर प्राडपूर्व तक की प्रायुष्य तक सिद्ध हो सकते हैं। इससे कम ज्यादा आयुष्यवाले मनुष्य सिद्ध नहीं हो सकते हैं।

सिद्धों का निवास स्थान

प्रत्थि ण भते ! इमीसे रयणप्पहाए पुढवीए अहे सिद्धा परिवसति ?—णो इणट्ठे समट्ठे। एव जाव अहेसत्तमाए।

भते ! क्या इस रत्नप्रभा पृथ्वी के नीचे सिद्ध निवास करते हैं ?—नही, यह प्राशय ठीक नहीं है। इसी प्रकार सातों पृथ्विया के विषय मे समझना चाहिए।

प्रत्थि ण भते ! सोहमस्स कप्पस्स अहे सिद्धा परिवसति ?—णो इणट्ठे समट्ठे। एव सव्वेसि पुच्छा—ईसाणस्स सणकुमारस्स जाव अच्चुयस्स गेविज्ज-विमाणाण अणुत्तर विमाणाण।

भते ! क्या सिद्ध, सौधमकल्प के नीचे निवास करते हैं ?—यह प्राशय ठीक नही है।

इसी प्रकार ईशान सनत्कुमार अच्युत, ग्रैवेयक-विमान और अनुत्तरविमान—सबकी पृच्छा समझना चाहिए।

प्रत्थि ण भते ! ईसीपब्भाराए पुढवीए अहे सिद्धा परिवसति ?—णो इणट्ठे समट्ठे।

तो क्या भन्ते ! सिद्ध, ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी के नीचे निवास करते हैं ? यह आशय ठीक नहीं है।

से कहिं खाइ ण भंते ! सिद्धापरिवसंति ? गोयमा ! इमीसे रयणप्पहाए पुढवीए बहुसमरमणिज्जाओ भूमिभागाओ उड्ढं चंदिमसूरियगहगणणक्खत्ततारागभवणाओ बहूइं जोयणाइं बहूइं जोयणसयाइं, बहूइं जोयणसहस्साइं बहूओ जोयणकोडिओ, बहूओ जोयणकोडाकोडीओ उड्ढतर उप्पइत्ता सोहम्मीसाणसणकुमारमाहिंदबंभलंतग-महासुक्कसहस्सारआणयपाणयआरणच्चुय तिण्णि य अट्ठारे गेविज्जविमाणावाससए वीइवइत्ता, विजय-वेजयंतजयंतअपराजियसव्वट्ठसिद्धस्स य महाविमाणस्स सव्व उपरिल्लाओ थूमियग्गाओ दुवालसजोयणाइं अबाहाए एत्थ ण ईसीपब्भारा णाम पुढवी पण्णत्ता।

भंते ! फिर सिद्ध कहां रहते हैं ?

गौतम ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के बहुसम रमणीय भूमि भाग से ऊपर चन्द्र सूर्य, ग्रहगण नक्षत्र और तारागों के भवनों से, बहुत-से योजन, बहुत-से सैकड़ों योजनों बहुत-से हजार योजनों बहुत से सौ-हजार योजनों, बहुत-से क्रोड योजनों, और बहुत से क्रोडाक्रोड योजनों से ऊर्ध्वतर जानेपर सौधर्म, ईशान सनत्कुमार माहेन्द्र, ब्रह्म, लांतक, महाशुक्र, सहस्रार, आणत, प्राणत, आरण और अच्युतकल्प, ३१८ ग्रैवेयक विमान

आवास को पार कर, विजय, वजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्ध महाविमान के शिखर के अग्रभाग से बारह योजन के अन्तर (= अबाहा) से इस स्थान पर ईषत्प्राग्भारा नाम की पृथ्वी है।

पणयालीस जोयणसयसहस्साइ आयामविक्खभेण, एगा जोयणकोडी, बायालीस सयसहस्साइ, तीस च सहस्साइ, दोण्णि य अउणापण्णे जोणयसए, किंचि विसेसाहिए परिरएण ।

वह पृथ्वी पतालीस लाख योजन की लम्बी चौडी है और एक कराड बयालीस लाख तीस हजार, दो सौ गुणपचास योजन स कुछ अधिक उसकी परिधि है।

ईसीपब्भारा य ण पुढवीए बहुमज्झदेसभाए अट्ठ-जोयणिए खेत्ते,अट्ठजोयणाइ बाहल्लेण। तयाऽणतर मायाए मायाए पडिहायमाणी पडिहायमाणी सव्वेसु चरिमपेरतेसु मच्छियपत्ताओ तणुयतरा, अगुलस्स असखेज्जइभाग बाहल्लेण पण्णत्ता ।

वह ईषत्प्रागभारा पृथ्वी बहुमध्य देशभाग में, आठ योजन जितने क्षेत्र मे, आठ योजन मोटी है। इसके बाद थोडी थोडी कम होती हुई, सबसे अन्तिम छोरो पर मक्खी की पाँख से भी पतला है। उस छोर की मोटाई अगुल के असख्येय भाग जितनी है।

ईसीपब्भाराए णं पुढवीए दुवालस णामधेज्जा पण्णत्ता । तं जहा–ईसी इ वा, ईसीपब्भारा इ वा, तणू इ वा, तणुतणू इ वा, सिद्धी इ वा, सिद्धालए इ वा, मुत्ती इ वा,मुत्तालए इ वा,लोयग्गे इ वा,लोयग्गथूभिया इ वा, लोयग्गपडिवुज्झणा इ वा, सव्वपाणभूयजीव-सत्तसुहावहा इ वा ।

ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी के बारह नाम हैं । जैसे–१ ईषत (=अल्प हलकी या छोटी),२ ईषतप्राग्भारा(=अल्प बड़ा), ३ तनु (=पतली), ४ तनुतनु (=विशेष पतली), ५ सिद्धि, ६ सिद्धालय(=सिद्धों का घर), ७ मुक्ति, ८ मुक्तालय, ९ लोकाग्र, १० लोकाग्रस्तूपिका (=लोकाग्र का शिखर), ११ लोकाग्रप्रति-बोधना (=जिसके द्वारा लोकाग्र जाना जाता हो ऐसी) और १२ सब प्राण, भूत, जीव और सत्त्वों को सुखावह ।

ईसीपब्भारा णं पुढवी सेया आयंस तलविमल-सोल्लियमुणालदगरयतुसारगोक्खीरहारवण्णा उत्ताणय-छत्तसंठाणसंठिया सव्वज्जुणसुवण्णमई अच्छा सण्हा लण्हा घट्ठा मट्ठा णीयरा णिम्मला णिप्पंका णिक्कंकडच्छाया समरीचिया सुप्पभा पासादीया दरिसणिज्जा अभिरूवा पडिरूवा ।

ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी, दर्पण के तल-सी विमल सोल्लिय (=एक प्रकार का फूल संभवतः मुचकुंद), कमलनाल(=मृणाल

=मणाल), जलकण, तुषार गाय के दूध और हार के समान वर्णवाली-श्वेत है। उलट छत्र के आकार के समान आकार में रहा हुइ है और अर्जुनस्वर्ण-(= सफेद सोना) मयी है। वह आकाश या स्फटिक-सा स्वच्छ कामल परमाणुओं के स्कंध से निष्पन्न, घुण्टित (= घोंटकर चिकनी की हुई-सी), वस्तु के समान तज शान-से घिसी हुई सी, सुकुमार शान से सँवारी हुई-सी या प्रमाजनिका से साफी हुई सी रज से रहित मल से रहित, आद्रमल से रहित, आतङ्क अनावरण, छाया या अक-ट्ट शोभावाली, किरणो से युक्त सुंदर प्रभावाली, मन के प्रिय प्रमादकारक (= प्रासादीय), दर्शनीय (= जिसे देखते हुए नयन अघाते न हो ऐसी), अभिरूप (=कमनीय) और प्रतिरूप (=देखने के बाद जिसका दृश्य आखो के सामने घूमता ही रहे ऐसी) है।

ईसीपब्भाराए ण पुढवीए सीयाए जोयणम्मि लोगते। तस्स जोयणस्स जे से उवरिल्ले गाउए, तस्स णं गाउ-यस्स जे से उवरिल्ले ..

सादीया अपज्जवसिया

ससार लोन

सासयमणागयमद्ध चिट्ठति

ईषत्प्राग्भारा पृथ्वी के

पर लोकात है। उस योजन का

कोस का जा ऊपर का छठा भाग है वहाँ सिद्ध भगवन्त, जन्म जरा, और मरण प्रधान अनेक योनियो की वदना और ससार म पयटन (=कलङ्कलीभाव=दुख की घबराहट) से बार बार उत्पत्ति-गर्भवास म निवास के प्रपञ्च (=विस्तार) से परे बनकर, शाश्वत अनागत काल में सादि अनन्त रूप से स्थित रहते हैं।

सिद्ध-स्तुति

कहि पडिहया सिद्धा ? कहि सिद्धा पडिट्ठिया ?
कहि बोंदि चइत्ताण ? कत्थ गतूण सिज्झई ॥१॥

सिद्ध कहा रुकते हैं ? सिद्ध कहा स्थित होते हैं ? और कहाँ देह को त्यागकर, कहां जाकर सिद्ध होते हैं ?

अलोगे पडिहया सिद्धा, लोयग्गे य पडिट्ठिया।
इह बोंदि चइत्ताण, तत्थ गतूण सिज्झई ॥२॥

सिद्ध अलोक से रुकते हैं। लोकाग्र पर स्थित होते हैं और मनुष्य लोक मे देह को छोडकर, वहाँ (=लोकाग्र) पर जाकर, कृतकृत्य होते हैं।

ज सठाण तु इहं, भव चय तस्स चरिमसमयमि।
आसी य पएसघण, त सठाण तहि तस्स ॥३॥

मनुष्यलोक के भव के देह में जो प्रदेशघन आकार, अन्तिम समय में बना था, वही आकार उनका वहां पर होता है।

दीह वा हस्स वा, ज चरिमभवे हवेज्ज सठाण ।
तत्तो तिभागहीण, सिद्धाणोगाहणा भणिया ॥४॥

छोटा या बडा, जसा भी अन्तिम भव मे आकार होता है, उससे तीसरे भाग जितने कम स्थान मे सिद्धो की व्याप्ति –जिनेश्वर देव के द्वारा कही गई है ।

तिण्णि सया तेत्तीसा, धणुत्तिभागो य होइ बोधव्वा ।
एसा खलु सिद्धाण, उक्कोसोगाहणा भणिया ॥५॥

तीन सौ ततीस धनुष और धनुष का तीसरा भाग (अर्थात ३२ अगुल) यह सवज्ञ कथित सिद्धो की उत्कृष्ट अवगाहना जानना चाहिए ।

चत्तारि य रयणीओ, रयणित्तिभागूणिया य बोधव्वा ।
एसा खलु सिद्धाण, मज्झिमओगाहणा भणिया ॥६॥

चार हाथ और तीसरा भाग कम एक हाथ (=सोलह अगुल)–यह सवज्ञ कथित सिद्धो की मध्यम अवगाहना जानना चाहिए ।

एगका य होइ रयणी, साहीया अगुलाइ अट्ठ भवे ।
एसा खलु सिद्धाण, जहण्णओगाहणा भणिया ॥७॥

एक हाथ और आठ अगुल अधिक–यह सवज्ञ कथित सिद्धो की जघय अवगाहना है ।

ओगाहणाए सिद्धा, भवत्तिभागेण होइ परिहीणा ।
सठाणमणित्थथ, जरामरणविप्पमुक्काण ॥८॥

सिद्ध, अन्तिम भव की अवगाहना से तीसरे भाग जितनी कम अवगाहनावाले होते हैं। जरा और मरण से विमुक्त मुक्तों का आकार किसी भी लौकिक आकार से नहीं मिलता है (=इत्थ=इस प्रकार+थ=स्थित, अणित्थथ=इस प्रकार के आकारों में नहीं रहा हुआ हो ऐसा)।

जत्थ य एगो सिद्धो, तत्थ अणंता भवक्खयविमुक्का।
अण्णोण्णसमवगाढा, पुट्ठा सव्वे य लोगंते ॥९॥

जहा एक सिद्ध है वहाँ भव के क्षय से विमुक्त, (धर्मास्तिकायादिवत्) अचिन्त्य परिणामत्व से परस्पर अवगाढ अनन्त सिद्ध हैं और सब लोकान्त का स्पर्श कर रहे हैं।

फुसइ अणंते सिद्धे, सव्व पएसेहिं णियमसो सिद्धा।
ते वि असंखेज्जगुणा, देसपएसेहिं जे पुट्ठा ॥१०॥

सिद्ध, निश्चय ही सम्पूर्ण आत्म प्रदेशों से अनन्त सिद्धों का स्पर्श करते हैं और उन सर्वात्म प्रदेशों से स्पष्ट सिद्धों से असंख्य गुण वे सिद्ध हैं-जो देशप्रदेशों से स्पष्ट हैं।

असरीरा जीवघणा, उवउत्ता दंसणे य णाणे य।
सागारमणागारं, लक्खणमेयं तु सिद्धाणं ॥११॥

वे सिद्ध अशरीरी, जीवघन और दर्शन और ज्ञान-इन दोनों उपयोगों में क्रमशः स्थित हैं। साकार (=विशेष उपयोग =ज्ञान) और अनाकार (=सामान्य उपयोग=दर्शन) चेतना -सिद्धों का लक्षण है।

केवलणाणुवउत्ता, जाणंति सव्वभावगुणभावे ।
पासंति सव्वओ खलु, केवलदिट्ठी अणंताहिं ॥१२॥

केवलज्ञानोपयोग से सभी वस्तुओं के गुण और पर्यायों को जानते हैं और अनन्त केवलदृष्टि से सर्वत्र (= चारों ओर से) देखते हैं।

णवि अत्थि माणुसाणं, तं सोक्खं ण वि य सव्वदेवाणं ।
जं सिद्धाणं सोक्खं, अव्वाबाहं उवगयाणं ॥१३॥

न तो मनुष्यों को ही वह सुखानुभव है और न सभी देवों को ही, जो सौख्य अव्याबाध (= बाधा पीड़ा रहित) अवस्था को प्राप्त सिद्धों को है।

जं देवाणं सोक्खं, सव्वद्धापिंडियं अणंतगुणं ।
ण य पावइ मुत्तिसुहं, णंताहिं वग्गवग्गूहिं ॥१४॥

तीनों काल से गुणित जो देवों का सौख्य है उसे अनन्त बार वर्गवर्गित किया जाय, ऐसा वह अनन्तगुण सौख्य भी मुक्तिसौख्य के बराबर नहीं हो सकता है।

सिद्धस्स सुहो रासी, सव्वद्धापिंडिओ जइ हवेज्जा ।
सोऽणंतवग्गभइओ, सव्वागासे ण माएज्जा ॥१५॥

एक सिद्ध के सुख को तीनों काल से गुणित करने पर जो सुख की राशि हो उसे अनन्त वर्ग से भाजित करने पर जो सुख की राशि उपलब्ध होती है वह सुखराशि भी सम्पूर्ण आकाश में नहीं समा सकती।

जह णाम कोइ मिच्छो, नगरगुणे बहुविहे वियाणतो ।
न चएइ परिकहेउ, उवमाए तहिं असंतीए ॥१६॥

जस कोई म्लेच्छ (= जगली मनुष्य) बहुत तरह क नगर के गुणों को जानते हुए भी, वहां (= जगल म) नगर के तुल्य कोई पदार्थ नहीं होने स, नगर के गुणो का कहने में समर्थ नहीं हो सकता है ।

इय सिद्धाणं सोक्खं, अणोवमं णत्थि तस्स ओवम्मं ।
किंचि विसेसेणेत्तो, ओवम्ममिणं सुणह वोच्छं ॥१७॥

वस ही सिद्धो का सुख अनुपम है । यहां उनकी बराबरी का कोई पदार्थ नहीं है । फिर भी कुछ विशेष रूप स उनकी उपमा कहता हूँ—सो सुनो ।

जह सव्वकामगुणियं, पुरिसो भोत्तूण भोयणं कोइ ।
तण्हा-छुहा-विमुक्को, अच्छेज्ज जहा अमियतित्तो ।१८।

जस कि—कोई पुरुष सभी इच्छित गुणो स युक्त भोजन को करके, भूख प्यास स रहित होकर, जस अमित तृप्त (=विषयो की प्राप्ति हो जाने स उत्सुकता की निवृत्ति से उत्पन्न प्रसन्नता से युक्त) हो जाता है ।

इय सव्वकालतित्ता, अतुलं निव्वाणमुवगया सिद्धा ।
सासयमव्वाबाहं, चिट्ठंति सुही सुहं पत्ता ॥१९॥

वस ही सवकाल तृप्त, अतुल शान्ति को प्राप्त सिद्ध शाश्वत और अव्याबाध सुख को प्राप्त

सिद्धत्ति य, बुद्धत्ति य, पारगयत्ति य परपरगयत्ति ।
उम्मुक्ककम्मक्वया, अजरा अमरा असगा य ॥२०॥

वे सिद्ध (=कृतकृत्य) हैं। बुद्ध (=केवलज्ञान से सम्पूर्ण विश्व को जाननेवाले) हैं। पारगत (=भव-सागर से पार पहुँचे हुए) हैं। परम्परागत (=क्रम से प्राप्त मुक्ति के उपाय के द्वारा पार पहुँचे हुए) हैं। उन्मुक्त कर्म कवच (=समस्त कर्मों से मुक्त) हैं। अजर (=बुढ़ापे से रहित) हैं। अमर (मरण से रहित) हैं और असग (सभी क्लेशों से रहित) हैं।

णिच्छिण्ण-सव्व-दुक्खा, जाइजरामरणबंधणविमुक्का ।
अव्वाबाह सुक्ख, अणुहोंति सासय सिद्धा ॥२१॥

सिद्ध सभी दुखों से परे होकर, जन्म, जरा, मरण और बन्धन से मुक्त होकर, अव्याबाध शाश्वत सुख का अनुभव करते हैं।

अतुलसुहसागरगया, अव्वाबाह अणोवम पत्ता ।
सव्वमणागयमद्ध, चि ती सुही सुह पत्ता ॥२२॥

बाधा-पीड़ा से रहित अनुपम अवस्था को प्राप्त होकर समस्त अनागत काल सम्बन्धी सुख को पाकर और अतुल सुख-सागर में लीन बनकर वे सुखी आत्मा स्थित रहते हैं। अर्थात् विभाव-वेदन (=बाधा) का आत्यन्तिक अभाव हुआ, अन्य द्रव्य के सिवाय अन्यत्र दुर्लभ हैं ऐसी अवस्था (=अनुपम) प्राप्त हुई। किन्तु विभाव-वेदन का अभाव होने पर, वेदनमात्र का

अभाव नही होता है-स्वभाव-वेदन का अस्तित्व (=सुही) रहता है। वह स्वभाव-वदन क्षणिक नही, किन्तु समस्त अनागत काल म स्थित रहता है। अत वहा आत्मा आनन्द घन हो जाता है।

(औपपातिक सूत्र से)

नव दरिसणम्मि चत्तारि आउए पच आइमे अते ।
सेसे दो दो भेया खीणमिलावेण इगतीस ॥ (प्रवचन सारोद्धार)

ज्ञानावरणीय कर्म की ५, दर्शनावरणीय की ६ आयु की ४ अन्तराय की ५, और शेष चार कम की दो दो, यो कुल ३१ प्रकृतियो का क्षय करके आत्मा के इक्त्तीस गुण प्रकट करने वाले सिद्ध भगवान को मेरा नमस्कार हो। २३

+सठाण-वण्ण-गध रस फास, तणु-वेय-सग-जणि रहिय ।
एगतीसगुणसमिद्ध, सिद्ध बुद्ध च वदेमो ॥२४॥

-जो परिमण्डलादि पांच सस्थान पाच वर्ण दो गध, पांच रस, आठ स्पर्श, एक काययोग, तीन वेद एक जडसग और एक पुनर्जन्म, इन इक्त्तीस दोषो से रहित होने के कारण उत्पन्न गुणो से समृद्ध हैं उन सर्वज्ञ सिद्ध भगवतो को मैं वन्दना करता हूँ।

जिण अजिण तित्यातित्य,गिहि अन्न-सलिग-थी-नर-नपुसा
पत्तेय-सयबुद्धा, बुद्धवोहि-क्क णिक्का य ॥२५॥ *

+ अन्य प्रकार से ३१ गुण इस गाथा में बताये हैं।
* आगम में और इसके क्रम में अन्तर है।

—१ जिन-तीर्थङ्कर सिद्ध २ अजिन सिद्ध ३ तीर्थ सिद्ध ४ अतीर्थ सिद्ध ५ गृहलिंग ६ अन्यलिंग ७ स्वलिंग ८ स्त्रीलिंग ९ पुरुषलिंग १० नपुंसकलिंग ११ प्रत्येकबुद्ध १२ स्वयंबुद्ध १३ बुद्धबोधित १४ एक सिद्ध १५ अनेक सिद्ध। (इन पन्द्रह भेद से सिद्ध हुए परमात्मा को मैं नमस्कार करता हूँ।)

जिणसिद्ध सयल अरिहा, अजिणसिद्धा य पुंडरियाइ।
गणहारी तित्थसिद्धा, अतित्थसिद्धा य मरुदेवी ।२६।
गिहिलिंगसिद्ध भरहो, ववकलचीरस्स अन्नलिंगम्मि।
साहू सलिंगसिद्धा, थीसिद्धा चंदणापमुहा ॥२७॥
नरसिद्ध गोयमाइ, गंगेयपमुहा नपुंसया सिद्धा।
पत्तेयसयंबुद्धा भणिया करकंडु कविलाई ॥२८॥
इह बुद्धबोहिया खलु, गुरुबोहिया य अणेगविहा।
इग समय एगसिद्धा, इगसमए अणेगसिद्धा य ॥२९॥

—१ सभी जिनवर सिद्ध हुए वे तीर्थङ्कर सिद्ध २ पुंडरीक गणधरादि सामान्य केवली-अतीर्थकर सिद्ध ३ तीर्थ स्थापना के बाद गणधरादि सिद्ध हुए वे-तीर्थ सिद्ध ४ तीर्थ स्थापना के पूर्व मरुदेवी सिद्ध हुए वे-अतीर्थ सिद्ध ५ गृहलिंग सिद्ध भरत * ६ अन्यलिंग सिद्ध-वल्कलचिरी (तापसलिंग में सिद्ध हुए) ७ स्वलिंग सिद्ध-साधु ८ स्त्रीलिंग सिद्ध-चन्दनबाला आदि

* भरतेश्वर गृहलिंग में केवली हुए इस अपेक्षा अन्यथा मरुदेवा ही गृहलिंग में सिद्ध हुई है।

साध्वियें ६ पुरुषलिंग सिद्ध गौतमादि १० नपुंसकलिंग सिद्ध गांगेयादि ११ प्रत्येक बुद्ध–करकंडु आदि १२ स्वयं बुद्ध–कपिलादि १३ बुद्धबोधित–अनेक प्रकार के हैं जो गुरु से प्रतिबोध पाकर सिद्ध हुए १४ एक समय में एक ही सिद्ध हो और १५ एक समय में अनेक सिद्ध हो।

(रत्नत्रय ग्रंथ से)

सिद्धाणं बुद्धाणं पारगयाणं, परम्परगयाणं।
लोअग्गमुवगयाणं, नमो सया सव्वसिद्धाणं ॥३०॥

–जो सिद्ध हैं बुद्ध–सर्वज्ञ हैं, पारगत हैं, परम्परागत हैं और लोकाग्र पर स्थित हैं, उन सभी सिद्ध भगवंतों को मैं सदैव नमस्कार करता हूँ।

णट्ठट्ठमयट्ठाणे, पणट्ठकम्मट्ठणट्ठसंठाणे।
परमट्ठणिट्ठियट्ठे, अट्ठगुणाधिसरं वंदे ॥३१॥

–जिन परमात्मा के आठ प्रकार के मद के स्थान नष्ट हो गए जिन्होंने आठ प्रकार के कर्म और संस्थान को समूल नष्ट कर दिया है और जिन्होंने परमार्थ का पूर्ण रूप से साध लिया है उन आठ गुणों के स्वामी–ईश्वर को मैं वन्दना करता हूँ। (प्रकीर्णक)

जे य अणंता अपुणब्भवाय असरीरया अणाबाहा।
दंसणनाणोवउत्ता, ते सिद्धा दिंतु मे सिद्धिं ॥३२॥

–जो अनंत पुनर्भवरहित, अशरीरी, अव्याबाध हैं,

मान और दर्शन उपयोग से युक्त हैं, वे सिद्ध भगवान् मुझे सिद्धि प्रदान करें।

जे णंतगुणा विगुणा इगतीसगुणा य अहव अट्ठगुणा।
सिद्धाणतचउक्का, ते सिद्धा दिंतु मे सिद्धिं ॥३३॥

–जो अनन्त स्वगुणों से युक्त और पर–जड़ के गुणों से रहित हैं, जो ३१ या ८ गुण तथा अनंतज्ञानादि चतुष्टय सम्पन्न हैं, वे सिद्ध परमात्मा मुझे सिद्ध गति प्रदान करें।

जह नगरगुणे मिच्छो, जाणंतो विहु कहेउमसमत्थो।
तह जेसि गुणे नाणी, ते सिद्धा दिंतु मे सिद्धिं ॥३४

–जिस प्रकार एक जंगली म्लेच्छ नगर के गुण जानता हुआ भी वाणी के द्वारा कहने में समर्थ नहीं है, उसी प्रकार सिद्ध भगवान् के गुण जानते हुए भी ज्ञानीजन वाणी से नहीं कह सकते हैं। वे सिद्ध भगवान् मुझे मुक्ति प्रदान करें।

जे य अणंतमणुत्तर, मणोवम सासय सयाणंद।
सिद्धा सुह सपत्ता, ते सिद्धा दिंतु मे सिद्धिं ॥३५॥

–जो अनन्त, अनुत्तर, अनुपम शाश्वत और सदानन्द ऐसे सिद्ध सुख को प्राप्त कर चुके, वे सिद्ध भगवान् मुझे भी शाश्वत परम सुख प्रदान करें।

(नवपद माहात्म्य पर से)

कम्मट्ठक्खयसिद्धा साहाविअनाण दसण-समिद्धा।
सव्वट्ठलद्धि सिद्धा, ते सिद्धा हुंतु मे सरणं ॥३६॥

पावियपरमाणदा, गुणनीसदा विभिन्न (विद्दण्ण) भवकंदा।
लहुईकयरविचंदा, सिद्धा सरण खविअद्ददा ।४०॥

जिन्होंने परमानन्द प्राप्त कर लिया है, जो ज्ञानादि गुणों के भण्डार हैं, जिन्होंने ससार रूपी कन्द का सर्वथा नाश कर दिया है, जिनके सामने चन्द्र और सूर्य का प्रकाश भी फीका लगता है और जिन्होंने राग और द्वेष रूपी द्वन्द्व को सम्पूर्णतया मिटा दिया है, ऐसे सिद्ध भगवान् का मैं शरण स्वीकार करता हूँ।

उवलद्धपरमबंभा, दुल्लहलंभा विमुक्कसरंभा।
भुवणघरधरणखंभा, सिद्धा सरण निरारंभा ।४१।

जिन्होंने परम ब्रह्म के स्वरूप को प्राप्त कर लिया है, जिन्होंने मुश्किल स साधने योग्य मुक्ति को प्राप्त कर लिया है जो आरम्भ से रहित है और लोक रूप घर को धारण करने के लिए जो स्तम्भ के समान हैं ऐसे सिद्ध भगवान् की मैं शरण स्वीकार करता हूँ। (चउसरणपइन्ना)

नमो अनंत सिद्धाण

सिद्धाणं थुणइ निच्चं, उक्कोसभावसंजुय।
सो सिद्धो हवई तम्हा, नमो अणंतसिद्धाणं ॥१॥

—जो भव्य जीव, उत्कृष्ट भाव से नित्य सिद्ध भगवान की स्तुति करता है, वह भविष्य मे सिद्ध होगा। इस-

लिये मैं मन वचन और काया से अनन्त सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हूँ।

वन्न रस गंध फासा, जाइ सरीर सठाण।
जरामच्चुविप्पमुक्का, नमो अणंतसिद्धाणं ॥२॥

–जिन सिद्ध भगवान् के अन्दर ५ वर्ण, ५ रस, २ गंध, ८ स्पर्श नहीं है। तथा जिनके ५ जाति ५ शरीर, ५ संठाण नहीं है ऐसे अजर, अमर, निरंजन, निराकार सिद्ध भगवान् को बारम्बार नमस्कार करता हूँ।

साईयाणाईया सिद्धा, सव्वे अपज्जवसिया।
पण्णरसविहसिद्धा, नमो अणंतसिद्धाण ॥३॥

–बहुत से सिद्ध सादि हैं क्योंकि इनको मोक्ष में गये हुए थोड़ा काल हुआ है और अनन्त सिद्ध अनादि हैं क्योंकि उनको मोक्ष में गये हुए अनन्त काल हो चुका है। उन सब सिद्धों का अन्त नहीं है अर्थात् वे अजर अमर हैं, वे सिद्ध १५ प्रकार के हैं। एसे सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हूँ।

अयलानिमल्लासिद्धा, सिद्धा बुद्धा पारगया।
परंपरागया सिद्धा, नमो अणंतसिद्धाण ॥४॥

–वे सिद्ध भगवान् अचल तथा अत्यन्त निर्मल हैं। ऐसे सिद्ध भगवान सब तत्त्वों को जानकर संसार सागर से तिर गये हैं। वे परंपरा से मोक्ष में चले जाते हैं। ऐसे अनन्त सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हूँ।

पावियपरमाणदा, गुणनीसदा विभिन्न (विइण्ण) भवकदा।
लहुईकयरविचदा, सिद्धा सरण खविग्रदद्दा ।।४०।।

जिन्होंने परमानन्द प्राप्त कर लिया है, जो ज्ञानादि गुणों के भण्डार हैं, जिन्होंने ससार रूपी कन्द का सर्वथा नाश कर दिया है, जिनके सामने चन्द्र और सूय का प्रकाश भी फीका लगता है और जिन्होंने राग और द्वेष रूपी द्वन्द्व को सम्पूर्णतया मिटा दिया है, ऐसे सिद्ध भगवान की मैं शरण स्वीकार करता हूँ।

उवलद्धपरमबभा, दुल्लहलभा विमुक्कसरभा।
भुवणघरधरणखभा, सिद्धा सरण निरारभा ।४१।

जिन्होंने परम ब्रह्म के स्वरूप को प्राप्त कर लिया है, जिन्होंने मुश्किल से साधने योग्य मुक्ति को प्राप्त कर लिया है जो आरम्भ से रहित है और लोक रूप घर को धारण करने के लिए जो स्तम्भ के समान हैं, ऐसे सिद्ध भगवान् की मैं शरण स्वीकार करता हूँ। (चउसरणपइन्ना)

नमो अनत सिद्धाण

सिद्धाण थुणइ निच्च, उक्कोसभावसजुय।
सो सिद्धो हवई तम्हा, नमो अणतसिद्धाण ।।१।।

–जो भव्य जाव, उत्कृष्ट भाव से नित्य सिद्ध भगवान् की स्तुति करता है, वह भविष्य मे सिद्ध होगा। इस-

लिये मैं मन वचन और काया से अनन्त सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हूँ।

वन्न रस गध फासा, जाइ सरीर सठाण।
जरामच्चुविप्पमुक्का, नमो अणतसिद्धाण ॥२॥

–जिन सिद्ध भगवान् के अन्दर ५ वण, ५ रस, २ गध, ८ स्पर्श नहीं है। तथा जिनके ५ जाति ५ शरीर, ५ सठाण नही है ऐसे अजर अमर, निरजन, निराकार सिद्ध भगवान् को वारम्वार नमस्कार करता हूँ।

साईयाणाईया सिद्धा, सव्वे अपज्जवसिया।
पण्णरसविहसिद्धा, नमो अणतसिद्धाण ॥३॥

–बहुत से सिद्ध सादि हैं क्योकि इनका मोक्ष म गये हुए थोडा काल हुआ है और अनन्त सिद्ध अनादि हैं क्योंकि उनको मोक्ष में गये हुए अनन्त काल हो चुका है। उन सब सिद्धो का अन्त नही हैं अर्थात व अजर अमर हैं व सिद्ध १५ प्रकार के हैं। एसे सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हूँ।

अयलानिमल्लासिद्धा, सिद्धा बुद्धा पारगया।
परपरागया सिद्धा, नमो अणतसिद्धाण ॥४॥

–वे सिद्ध भगवान् अचल तथा अत्यन्त निमल है। ऐसे सिद्ध भगवान् सब तत्त्वो को जानकर ससार सागर से तिर गये हैं। वे परपरा से मोक्ष मे चले आते हैं। ऐसे अनन्त सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हू।

दव्वऊ श्रणत सिद्धा, उड्ढं लोएग्गे खित्तऊ ।
कालउ सासया सिद्धा, नमोश्रणतसिद्धाण ॥५॥

–द्रव्य मे सिद्ध अनन्ता है, क्षेत्र से उध्वलोक के अग्रभाग मे हैं। काल स श्रजर श्रमर हैं, ऐसे श्रनत सिद्ध भगवान् का नमस्कार करता हूँ।

भावउ केवलनाणी, तह केवलदसणी ।
सव्वदुक्खविप्पमुक्का, नमो श्रणतसिद्धाण ॥६॥

–भाव से सिद्ध भगवान् केवल ज्ञान तथा केवल दशन सहित हैं श्रौर सब दुखो से मुक्त हैं, ऐस श्रनन्त सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हूँ।

उसभमजिय मते, सभव मभिनदण ।
सुमइ च समःउय, नमो श्रणत सिद्धाण ॥७॥

–इस अवसर्पिणी काल में जो सिद्ध हो चुके हैं उनमें से मैं कुछ का नाम उपस्थित करता हूँ। वे इस प्रकार हैं। ऋषभदेव, अजितनाथ, सभवनाथ, श्रभिनन्दन, श्रौर सुमतिनाथ सहित श्रनन्त सिद्धो को नमस्कार करता हूँ।

पउमप्पह सुपास, ससि सुविहि सियल ।
सिज्जससमाउय, नमो श्रणतसिद्धाण ॥८॥

–पद्मप्रभ, सुपार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभ सुविधिनाथ, सीतलनाथ, श्रेयासनाथ, उनके सहित श्रनन्त सिद्ध भगवान् को नमस्कार करता हूँ।

यासपुज्ज विमल मणत, धम्मं संति च कुथुण ।
अर मल्लि समाउय, नमो अणतसिद्धाण ॥६॥

—वासुपूज्य, विमलनाथ अनन्तनाथ, धर्मनाथ, शान्ति नाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ, मल्लिनाथ सहित अनन्त सिद्धा को नमस्कार करता हूँ ।

मुणिसुव्वय नमि, अरिट्ठनेमि पासेण ।
वद्धमाणसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१०।

—मुनिसुव्रत, नमिनाथ अरिष्टनेमि, पार्श्वनाथ, वर्धमानस्वामी सहित अनन्त सिद्धों को नमस्कार करता हूँ ।(ये चौबीस तीर्थंकर इस भरत क्षेत्र में हुवे । अब एरवय क्षेत्र के तीर्थंकरों को नमस्कार करता हूँ ।)

चन्दाणण सुचन्देण, अग्गीसेणए ।
नन्दीसेणसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।११।

—चन्द्रानन, सुचन्द्र, अग्निसेन, नन्दीसेन, सहित अनन्त सिद्धों को नमस्कार करता हूँ ।

इसिदिण्ण वयहारि, भगव सोमचन्देण ।
जुईसेणसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१२।

—ऋषिदिन्न, व्रतधारी सोमचन्द्र, युक्तिसेन सहित अनन्त सिद्धों को नमस्कार करता हूँ ।

भगवं अज्जोयसेण, सिवसेणेण वन्दामि ।
देवसम्मसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१३।

—अजितसेन शिवसेन, देवश्रम सहित अनंत सिद्धों को नमस्कार करता हूँ।

भगव णिक्खित्तसत्थ, असजलेण य वदामि।
जिणवसमसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१४।

—निक्षिप्तशस्त्र, अश्वजल, जिनवृषभ सहित अनंत सिद्धों को नमस्कार करता हूँ।

उवसत गुत्तीसेण, अइपास सुपासेण।
मरुदेवसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१५।

—उपशान्त, गुप्तिसेन, अतिपार्श्व, सुपार्श्व, मरुदेव सहित अनत सिद्धो को नमस्कार करता हूँ।

धर च सामकोट्ठ च, अग्गीसेणग्गीपुत्तेण।
वारिसेणसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१६।

—धर और सामकोष्ठ, अग्निसेन, अग्निपुत्र वारीसेन सहित अनत सिद्धो को नमस्कार करता हूँ।

वदामि उसभसेण, सिहसेणे य चारुण।
वज्जनाभसमाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१७।

—ऋषभसेन, सिंहसेन, चारु, वज्रनाभ, इन अनन्तसिद्धो को नमस्कार करता हूँ।

चमरसुवय वन्दे, विदभदीण्णकण्णेण।
वारु आणद समाउय, नमो अणतसिद्धाण ।१८।

–चमर, सुव्रत विदर्भ, दीन, वण, वाह, आनन्द, ०

गोथूभ सुहम्म वदे, मदर जसोहर रिट्ठं ।
चक्काउयसमाउय, नमो० ॥१९॥

गोथूभ, सुधम, मन्दर यशोधर, रिष्ट चक्रायुद्ध ०

सयमू कुम्भ भोसय, इदकुम्भेण वदामि ।
सुमवरणसमाउय, नमो० ॥२०॥

–सयमू, कुम्भ, भिपर, इन्द्रकुम्भ, शुभकरण ०

वरदत्त दिणसुम, अज्जघोस च वासिट्ठ ।
वम्भयारिसमाउय, नमो० ॥२१॥

–वरदत्त, दीन सुम आय धाय, वाशिष्ट ब्रह्मचारी ०

सोमे सिरिधरे वंदे, वीरभद्द जसभद्देण ।
इदभूइसमाउय, नमो० ॥२२॥

–साम, श्रीधर वीरभद्र यशाभद्र, इन्द्रभूति ०

अग्गीभूइ वाउभूइ, वीयत्त सुहम्मसुय ।
मडिपुत्तसमाउय, नमो०॥२३॥

–अग्निभूति, वायुभूति, व्यक्तस्वामी, सुधर्मास्वामी, मडितपुत्र ०

मोरीपुत्त अकंपिय, अयलभाय मेयज्जे ।
पभास च समाउय, नमो० ॥२४॥

–मौर्यपुत्र, अकम्पित, अचलभ्रात, मतार्य, प्रभास ०

वदे एरवय खलू, भरहे बाहुबलिण ।
सेसामाउसमाउय, नमो० ॥२५॥
–एरवय क्षेत्र के प्रथम एरवय चक्रवर्ती, भरत और बाहुबलि (ये ऋषभदेव के पुत्र शेष) अठयानवे भाई ०
आईच्चजस्समहाजस्स, अईबलमहाबलेण ।
तेयवीरिएसमाउय, नमो० ॥२६॥
–आदित्ययश, महायश, अतिबल, महाबल, तेजवीर्य ०
भते कित्तिवीरियेण, वन्दामि दण्डवीरिय ।
जलवीरिएसमाउय, नमो० ॥२७॥
–कीर्तिवीर्य, दण्डवीर्य, जलवीर्य ० (ये भरतेश्वर के आठ पट्टधर थे)
सागरमघव वन्दे, सणकुमारमहापउम ।
हरिसेणसमाउय, नमो० ॥२८॥
–सागर, मघव, सनतकुमार महापद्म हरीसेण ०
जय अयल विजय, तओ भद्द सुपभेण ।
सुदसणसमाउय, नमो० ॥२९॥
–जय अचल, विजय, भद्र, सुप्रभ, सुदर्शन ०
आनन्दनदण वन्दे, पउमकविलहरिएसिण ।
तओ चित्तसमाउय, नमो० ॥३०॥
–आनन्द, नन्दन, पद्म (ये अचल आदि आठ बलदेव थे) कपिल, हरिकेशी, चित्त ०

देवभद्दजसोभद्द, उसुयार च भग्गुण ।
करकण्डूसमाउय, नमो० ॥३१॥

–देवभद्र, यशोभद्र (ये पुरोहित के पुत्र थे) इषुकार राजा, भृगु पुरोहित, करकण्डू ०

दुम्मुहे नमि णग्गइ, मगव महाबलेण ।
मियापुत्तसमाउय, नमो० ॥३२॥

–दुम्मुह, नमिराज नग्गई, महाबल, मृगापुत्र ०

सजयदसण्णभद्द, अणाहि रहनेमिण ।
समुद्दपालसमाउय, नमो० ॥३३॥

–सजति, दसारणभद्र, अनाथिमुनि, रहनेमि, समुद्रपाल०

केसि जयघोस भते, विजयघोस गग्गेण ।
कालासवेसिपुत्ताई, नमो० ॥३४॥

–केशिमुनि, जयघोष, विजयघोष, गर्गाचार्य, काला सवसितपुत्र ०

कालोदाइण गगेय, सिव उसभदत्तेण ।
सुदसणपोग्गलाइ, नमो० ॥३५॥

–कालोदाई, गगेय, शिवराज ऋषि, ऋषभदत्त, सुदर्शन, पुद्गल ०

मत्ते उदायण यदे, तहा थावच्चापुत्तेण ।
तओ सुए समाउय, नमो० ॥३६॥

–उदायन, थावरचापुत्र, शुकदेव ०

वदामि सेलय भन्ते, पयए बल भगव ।

पडिबुद्धसमाउय, नमो० ॥३७॥

–सेलक, पथक बल प्रतिबुद्ध ०

चन्दछाए रुवि वन्दे, सल अदिणसत्तूण ॥

जियसत्तूसमाउय, नमो० ॥३८॥

–चन्द्रछाय, रूगी, सघ अदीनशत्रु, जितशत्रु ०

सुबुद्धि जियसत्तुए, तेयलीपुत्त भगव ।

मुणिसुव्वयसमाउय, नमो० ॥३९॥

–सुबुद्धि, जितशत्रु तेतलीपुत्र मुनिसुव्रत ० (ये धातकी खड के तीर्थंकर थे)

जुहिट्ठिल्लभीमसेण, अज्जुण नउलेसुए ।

सहदेवसमाउय, नमो० ॥४०॥

–युधिष्ठिर, भीमसेन, अर्जुन नकुल, सहदेव ०

नमि मायग वदामि, सोमिल रामगुत्तेण ।

सुदसणसमाउय, नमो० ॥४१॥

–नमि, मातग, सोमिल , सुदर्शन ०

जमाली भगाली

अमडपुत्तसमाउय,

–जमाली भगाली,

गोयमसमुद्द वंदे, सागर तहा गभीर ।
थिमिय अयल एय, नमो० ॥४३ ।
–गौतम, समुद्र सागर, गम्भीर स्थिमित अचल ०
कविल अक्खोभ वंदे, तहा वसेण विण्हूण ।
अक्खोभ सागर एव, नमो० ॥४४॥
–कम्पिल, अक्षोभ, प्रसेन, विष्णु अक्षोभ सागर ०
समुद्द हेमवतेण, अयल धरण पुरणेण ।
अभिचंदसमाउय, नमो० ॥४५॥
–समुद्र, हेमवन्त, अचल, धरण, पूरण, अभिचन्द्र ०
वदामि अणियसेण, तहा अणतसेणेण ।
अजीयसेणसमाउय, नमो० ॥४६॥
–अनिकसेन, अनतसेन अजितसेन ०
वंदे अणिहयरिउ, देवसेण सत्तुसेणेण ।
सारणेणसमाउय, नमो० ॥४७॥
–अनिहतरिपु देवसेन, शत्रुसेन, सारण ०
गयसुहमाल वंदे, सुमुह दुमुह तहा ।
कुवय दारय एव, नमो० ॥४८॥
–गजसुकुमाल सुमुख दुमुख, कूपक, दारक ०
अणाहिट्ठी जाली वंदे, मयाली उवयालीय ।
पुरिससेणसमाउय, नमो० ॥४९॥
–अनाधृष्टि, जालि, मयालि, उवयाली, पुरिससेन ०

–उदायन, थावरचापुत्र, शुकदेव ०

वदामि सेलय भन्ते, पथए वल भगव ।
पडिवुद्धसमाउय, नमो० ॥३७॥

–सेलर, पथक वल प्रतिवुद्ध ०

च दछाए रुवि वन्दे, सल अविणसत्तूण ॥
जियसत्तूसमाउय, नमो० ॥३८॥

–चद्रछाय, रूपी, सम अदीनशत्रु जिनदात्तु ०

सुबुद्धि जियसत्तुए, तेयलीपुत्त भगव ।
मुणिसुव्वयसमाउय, नमो० ॥३९॥

–सुवुद्धि, जिनदात्तु, तेतलीपुत्र, मुनिसुव्रत ० (ये धातकी खड के तीर्थंकर थे)

जुहिट्ठिल्लभीमसेण, अज्जुण नउलेसुए ।
सहदेवसमाउय, नमो० ॥४०॥

–युधिष्ठिर, भीमसेन, अर्जुन, नकुल, सहदेव ०

नमि मायग वदामि, सोमिल रामगुत्तेण ।
सुदसणसमाउय, नमो० ॥४१॥

–नमि, मातग, सोमिल, रामगुप्त, सुदर्शन ०

जमाली मगाली वदे, भते किंकम्मफालिए ।
अमडपुत्तसमाउय, नमो० ॥४२॥

–जमाली, मगाली, किंकम, फालिन, अम्बडपुत्र ०

गोयमसमुद्द वदे, सागर तहा गभीर ।
थिमिय प्रयल एव, नमो० ॥४३॥
–गौतम, समुद्र सागर, गम्भीर स्थिमित अचल ०
कविल प्रयखोभ वदे, तहा पसेण विण्णूण ।
प्रयलोभ सागर एव, नमो० ॥४४॥
–कम्पिल, प्रगोभ, प्रसेन, विष्णु प्रगाभ, सागर ०
समुद्द हेमवतेण, प्रयल धरण पुरणेण ।
अभिचदसमाउय, नमो० ॥४५॥
–समुद्र, हेमवन्त, अचल, धरण, पूरण, अभिचन्द्र ०
वदामि अणियसेण, तहा प्रणतसेणेण ।
प्रजीयसेणसमाउय, नमो० ॥४६॥
–अनिकसेन, अनतसेन अजितसेन ०
वदे प्रणिहयरिउ, देवसेण सत्तुसेणेण ।
सारणेणसमाउय, नमो० ॥४७॥
–अनिहतरिपु, देवसेन, शत्रुसेन, सारण ०
गयसुहमाल वदे, सुमुह दुमुह तहा ।
कुवय दारय एव, नमो० ॥४८॥
–गजसुकुमाल सुमुख दुमुख, कूपक, दारक ०
प्रणाहिट्ठी जाली वदे, मयाली उवयालीण ।
पुरिससेणसमाउय, नमो० ॥४९॥
–अनादृष्टि, जालि, मयालि, उवयाली, पुरिससेन ०

वदामि वारीसेणेण, पज्जूण च पुणो पुणो ।
भते सव समाउय, नमो० ॥५०॥
–वारिसेन पद्युम्न, शाम्ब ०
अणिरुद्धेण वदामि, भगव सच्चनेमिण ।
दढनेमिसमाउय, नमो० ॥५१॥
–अनिरुद्ध, सत्यनेमि दृढनेमि ०
मक्काई किकम वन्दे, अज्जुण तहा कासव ।
खेम धितिधर एव, नमो० ॥५२॥
–मक्काई, किंक्म, अर्जुन काश्यप, क्षेम धृतिधर ०
केलास हरिचदेण, वारतेण सुदसण ।
पुण्णभद्दसमाउय, नमो० ॥५३॥
–कैलाश हरिचन्दन वारत्त, सुदर्शन, पूर्णभद्र ०
वदामि सुमणभद्द, तओ विय सुपइट्ठ ।
तओ मेहस्स सजुय, नमो० ॥५४॥
–सुमनभद्र, सुप्रतिष्ठ, मेघ ०
बालबभयारि खलु, वदामि अईमुत्तेण ।
तओ अलक्खसजुय, नमो० ॥५५॥
–बालब्रह्मचारी अतिमुक्त मुनि, अलक्ष ०
सिज्जस बभदत्त, सुरिददत्त भगव ।
इददत्त समाउय, नमो० ॥५६॥
–ब्रह्मदत्त, सुरिंद्रदत्त इन्द्रदत्त ०

वदामि पउम भते, सोमदेवेण महिद ।
सोमदत्तसमाउय, नमो० ॥५७॥
–पद्म, सामदेव महेन्द्र, सामदत्त ये। (तिलोक ऋषीजी कृत प्रतिक्रमण, नतव वाद्य) ०
सुवासव तहा खलु, भगव महचदेण ।
येसमणसमाउय, नमो० ॥५८॥
–सुवासव, जिनदास, वश्रमण ०
महाबल भद्दनदि, भगव महचदेण ।
सओ जबू समाउय, नमो० ॥५९॥
–महाबल, भद्रनदी महचन्द्र (ये छह सुखविपाक या तेरा ढाला के अदर है) जम्बु ०

साध्वियें

मरुदेवाभगवई, विजयसेणा सिद्धत्या ।
सुमगलासमाउय नमो० ॥६०॥
–मरुदवी, विजयसेना, सिद्धार्थ, सुमगला ०
सुसीमा पुढवी खलु, वदामि लखमावई ।
जिणमायासमाउय नमो० ॥६१॥
–सुसिमा, पृथ्वी, लखमावती (ये आठ जिन माता थी)
बभी सुदरी फग्गुणी, सामा अजिया कासवी ।
रइ सोमा सुमीणाई, नमो० ॥६२॥

–ब्राह्मी, सुन्दरी फाल्गुणी, श्यामा, अजिया, वासवी, रति सोमा सुमिणा ०

वारुणि सुलसा वन्दे, धारणि धरणि तहा।
धरणिधरासमाउय, नमो० ॥६३॥

–वारुणी सुलसा, धारणी, धरणी, धरणिधरा ०

पउमा सिवा सुयाण, अजुरक्खा बधुवइ।
पुप्फवईसमाउय, नमो० ॥६४॥

–पद्मावती, शिवानदा, सुरजा अजु, रक्षा, बधुवती, पुप्पवती ०

अमिला जक्खीणि वन्दे, पुप्फचूला उ चदणा।
जिणसिस्सिणीसमाउय, नमो० ॥६५॥

–अमिला, यक्षिणी पुप्पचूला, चदनबाला, (य ब्राह्मी से चदनबाला तक तीर्थङ्करा की बडा शिष्यणी थी) ०

जस्सा भगवई य दे, तहेव कमलावई।
राईमईसमाउय, नमो० ॥६६॥

–जस्सा कमलावती, राजमती ०

देवानदाउ वदामि, जयतीवि तहेवय।
मियावईसमाउय, नमो० ॥६७॥

–देवानदा, जयती, मृगावती ०

पउमावई गोरीण, तहा गधारी लक्खणा।
सुसीमाउसमाउय, नमो० ॥६८॥

—पद्मावती, गौरी, गन्धारी, लक्ष्मणा, सुसिमा ०

जम्बुवई सच्चभामा, रुप्पिणी मूलसिरिण ।
मूलदत्तासमाउय, नमो० ॥६६॥

—जम्बूवती, सत्यभामा, रुक्मणी, (ये आठ कृष्ण की पटरानियाँ थीं) मूलश्री और मूलदत्ता (ये दो शाम्ब कुमार की स्त्रियाँ थीं) ।

नंदा नंदवई वन्दे, भगवई नंदुत्तरा ।
नंदीसेणासमाउय, नमो० ॥७०॥

—नन्दा, नन्दवती, नंदुत्तरा नंदासेना ०

मरुत्ता सुमरुत्ताण, महामरुत्ता वंदामि ।
मरुदेवासमाउय, नमो० ॥७१॥

—मरुता, सुमरुता, महामरुता, मरुन्वा ०

भद्दा सुभद्दा सुजाया, वंदामि सुमणाइया ।
भूयदिण्णासमाउय, नमो० ॥७२॥

—भद्रा सुभद्रा, सुजाया, सुमणायका, भूतदिन्ना ०

काली सुकाली महाकाली, वंदामि कण्हा सुकण्हा ।
महाकण्हासमाउय, नमो० ॥७३॥

—काली, सुकाली महाकाली, कृष्णा सुकृष्णा महाकृष्णा ०

वीरकण्हा रामकण्हा, पिउसेणकण्हा तहा ।
महासेणकण्हा एव, नमो० ॥७४॥

–वीरकृष्णा, रामकृष्णा पिउसेनकृष्णा, महासेनकृष्णा (ये तेईस श्रेणिक राजा की रानियाँ थी) ०

सति पच्चुप्पन्नकाले, विदेह जिणवरिन्दा ।
जुगबाहुप्पमुहा, वदामि भगवताण ॥७५॥

–वतमान समय मे महाविदेह क्षत्र मे युगबाहु आदि जितने भी तीथकर भगवान् विराजमान हैं, उनको मैं बार बार व दना नमस्कार करता हूँ ।

अजिणाजिणसकासा, चउदसपुव्वधरा ।
भगव गणहराण, वदामि चउनाणिण ॥७६॥

–वतमान समय मे ४ ज्ञान, १४ पूवधर, जिन नही किंतु जिन सरिख एसे जितने भी गणधर महाराज विचरते हैं उनको मैं बारम्वार व दना नमस्कार करता हू ।

गणी आयरिया खलु, तहेव उवज्झायाण ।
परमट्ठीमहासाहू, वदामि अवसेसाण ॥७७॥

–अढाई द्वीप प द्रह क्षेत्र म वतमान समय मे जितने भी गणी, आचाय उपाध्याय और मोक्ष के साधनेवाले साधु महाराज विचरते हैं उन सब पूज्यवरो को बारम्वार व दना नमस्कार करता हूँ ।

कुडफासगयामिगा, जालगया व मच्छगा ।
पखो व पजर गया, एव अहपि ससारे ॥७८॥

—फांस में फँसा हुआ मृग जाल में फँसा हुआ मच्छ और पिंजर में फँसे हुए पक्षी की भांति मैं भी जन्म जरा और मरण की फांस में फँसा हुआ मति घबरा कर के सिद्ध भगवान् की स्तुति करता हूँ।

अक्खयनाणजणणी, गुणरयणधारणी।
सिवरोहण उज्जुसेढि, चक्कीदलण दुमई।७६।

—यह स्तुति अक्षय ज्ञान की जननी है और गुणरत्न का धराने वाला है। यह मोक्ष महल में जाने का सीढ़ी और दुर्मति का दलने के लिये चक्की के समान है।

दरिद्दभजण लच्छी, वाहीभजण ओसही।
कम्मवण दहणग्गी, थुई मगल नायवो ॥८०॥

—यह स्तुति पापरूप दारिद्र्य का क्षय करने के लिये महालक्ष्मी के समान है। राग शोक व्याधि और वेदना क्षय करने के लिये परम औषधी है। अष्ट कर्म रूप वन को दहन करने के लिये महा प्रचण्ड अग्नि है।

निट्ठियट्ठा भविस्सामि, देवगुरुपसायेणं।
थुई नाय समारुढो, पार ससारसागरे ॥८१॥

—मैं देव गुरु और धर्म के प्रसाद से इस स्तुति रूपी नौका पर आरूढ होकर इस संसार सागर से अवश्य ही तिर जाऊँगा।

भणइ सुणइ एव, सया पभाये भाणवा ।
अपुव्वसमाहिट्ठाण, लभिस्सती न ससय ॥८२॥

–इस स्तुति को प्रतिदिन प्रात काल जो कोई प्राणी पढ़ेगा या सुनेगा वह मोक्ष की अपूर्व समाधि प्राप्त करेगा, इसमें सन्देह नहीं है।

जे मे अक्खरमायावि, सम नो सन्निवाइया ।
त सम करउ भते, सुयसागर पारगा ॥८३॥इति॥

–इस स्तुति मे कोई भी अक्षर बिन्दु मात्रा इत्यादि अशुद्ध हो, उन्हे बहुसूत्री मुनि महाराज शुद्ध करने की कृपा करेंगे।

× × × × ×

ध्मान सित येन पुराण कर्म,
यो वा गतो निर्वृति सौधमूर्ध्नि ।
ख्यातोऽनुशास्ता परिनिष्ठितार्थो,
य सोऽस्तु सिद्ध कृतमगलो मे ॥१॥

–जिन्होने पूर्वभवो मे बाधे हुए पुराने कर्मों को जला कर भस्म कर दिये हैं, जो मुक्ति महल के उच्च शिखर पर पहुँच गये हैं, जो प्रख्यात हैं नियता हैं और कृतकृत्य हैं, वे सिद्ध भगवान् मेरे लिए मगलकारी होवे ।

परमात्म स्तोत्र

शिवं शुद्धबुद्धं परं विश्वनाथं,
न देव न बन्धु न कर्माणि कर्ता ।
न अंगं न संगं न इच्छा न कायं,
चिदानन्दरूपं नमो वीतरागं ।१।

न बन्धो न मोक्षो न रागादि लोकं,
न योगं न भोगं न व्याधिर्न शोकं ।
न कोपं न मानं न माया न लोभं । चिदा ।२।

न हस्तौ न पादौ न घ्राणं न जिह्वा
न चक्षुर्न कर्णं न वक्त्रं न निद्रा ।
न स्वेद न खेद न वर्ण न मुद्रा । चिदा ।३।

न जन्मा न मृत्युर्न मोह न चिन्ता,
न क्षुत्तृट न भीत न कार्श्य न तन्द्रा ।
न स्वामी न भृत्यो न देवो न मर्त्य । चिदा ।४।

त्रिदण्डे त्रिखण्डे हरे विश्वनाथं,
हृषीकेश विध्वस्त कर्मादिजालं ।
न पुण्यं न पापं न अज्ञान भाव । चिदा ।५।

न बाल्यं न वृद्ध न विज्ञान मूढा,
न छेद न भेद न मूर्तिन क्षोभ ।
न कृष्णा न शुक्ल न मोह न तन्द्रा । चिदा ।६।

न आद्य मध्यं न अन्त न मन्या,
न द्रव्यं न क्षेत्र न दृष्टो :
गुरुर्नैव शिष्यो न

इद ज्ञानरूप स्वय तत्ववेदी,
न पूर्ण न शून्य स घत्यरूप ।
अन्यो विभिन्न न परमार्थमेक । चिदा ।८।

॥ नमो सिद्ध निरजन ॥

तुम तरण तारण दु ख निवारण भविक जन आराधन ।
श्री नाभिनदन जगत वदन, नमो सिद्ध निरजन ।१।
जगत भूषण विगत दूषण प्रवण प्राण निरूपक ।
ध्यान रूप अनूप उपम ॥नमो०॥ ।२।
गगन मडल मुक्ति पदवी सव ऊर्ध्व निवासन ।
ज्ञान ज्योति अनत राजे ॥नमो०॥ ।३।
अज्ञान निद्रा विगत वेदन दलित मोह निरायुष ।
नाम गोत्र निरतराय ॥नमो०॥ ।४।
विगट क्रोधा मान योधा माया लोभ विसजन ।
राग द्वेष विमद् अकुर ॥नमो०॥ ।५।
विमल केवल ज्ञान लोचन ध्यान शुक्ल समीरित ।
योगिनाऽतिगम्यरूप ॥नमो०॥ ।६।
योग ने समोसरण मुद्रा परी पर्यंकासन ।
सव दीसे तेज रूप ॥नमो०॥ ।७।
जगत जिन के दास दासी तास आस निरासन ।
चन्द्र प परमानन्द रूप ॥नमो०॥ ।८।

स्व समय समकित दृष्टि जिनकी सोहे योगी अयोगिक ।
देखतामां लीन होवे ॥नमो०॥ ।६।

तीर्थ सिद्धा अतीर्थ सिद्धा भेद पचदशाधिक ।
सब कर्म विमुक्त चेतन ॥नमो०॥ ।१०।

चद्र सूर्य दीप मणिकी ज्योति येन उलघित ।
ते ज्योतियी पण परम ज्योति ॥नमो०॥ ।११।

एक मांहि अनेक राजे अनेक माहि एकक ।
एक अनेक की नाहि सख्या ॥नमो०॥ ।१२।

अज अमर अलक्ष अनतर निराकार निरजन ।
परिब्रह्म ज्ञान अनत दशन ॥नमो०॥ ।१३।

अतुल सुख की लहर में प्रभु लीन रहे निरतर ।
धर्म ध्यान थी सिद्ध दशन ॥नमो०॥ ।१४।

ध्यान धूप मन पुष्प पचेन्द्रिय हुताशन ।
क्षमा जाप सतोष पूजा पूजो देव निरजन ।१५।

तुमे मुक्ति दाता कर्म घाता दीन जाणी दया करो ।
सिद्धाय नदम जगत वदन महावीर जिनेश्वरो ।१६।

॥ सेवो सिद्ध सदा जयकार ॥

सेवो सिद्ध सदा जयकार, जासे होय मगलाचार ।टर।
अज अविनाशी अगम अगोचर, अमल अचल अविकार
अन्तर्यामी त्रिभुवन स्वामी, अमित शक्ति भण्डार । से

कर वणट्ठ धम्मट्ठ अट्ठ गुण, युक्त मुक्त संसार ।
पायो पद परमिट्ठ तास पद, वन्दो वारम्वार । से ।२।
सिद्ध प्रभु को सुमिरन जग में, सकल सिद्धि दातार ।
मन वाञ्छित पूरन सुरतरु सम, चिन्ता चूरनहार । से ।३।
जप जाप योगीश रात दिन, ध्यावें हृदय मझार ।
तीर्थङ्करहू प्रणमे उनको, जब होवे अनगार । से ।४।
सूर्योदय के समय भक्तियुत, थिर चित्त दृढता धार ।
जपे सिद्ध यह जाप तास घर, होवे ऋद्धि अपार । से ।५।
सिद्ध स्तुति ये पढ़े भाव से, प्रति दिन जे नरनार ।
सो दिव शिव सुख पावे निश्चय, बने रहें सरदार । से ।६।
'माधव मुनि' कहे सकल संघ में, बढ़े हमेशा प्यार ।
विद्या विनय विवेक सर्म वत, पावे प्रचुर प्रचार । से ।७।

जय जय जय भगवान्

जय जय जय भगवान् ।
अजर अमर अखिलेश निरंजन, जयति सिद्ध भगवान् ॥टेर॥
अगम अगोचर तू अविनाशी, निराकार निर्भय सुख राशि ।
निर्विकल्प निर्लेप निरामय, निष्कलंक निष्काम ॥ ज० १ ॥
कर्म न काया मोह न माया, भूख न तिरषा रंक न राया ।
एक स्वरूप अरूप अगुरुलघु, निर्मल ज्योति महान् ॥ २ ॥

हे अनंत हे अंतर्यामि, अष्ट गुणों के धारक स्वामी।
तुम बिन दूजा देव न पाया, त्रिभुवन में अभिराम ॥ ३ ॥
गुरु निग्रंथों ने समझाया, सच्चा प्रभु का रूप बताया।
तुझमें मुझमें भेद न पाऊं, ऐसा दो वरदान ॥ ४ ॥
'सुखमानु' है शरण तिहारी, प्रभु मेरी करना रखवारी।
अब तुम में ही मिलजाऊं म, ऐसा हो साधान ॥ ५ ॥

सिद्ध स्थान वर्णन

श्री गौतमस्वामी पुच्छा करे, विनय करी सीस नमाय प्रभुजी।
अविचल थानक मैं सुण्या, कृपाकरी माय बताय प्रभुजी॥
शिवपुर नगर सुहामणा। टेर०। १।
आठ करम अलगा करी, सार्या आतमकाज प्रभुजी।
छुट्या संसार ना दुःख थकी, तहने रहेवानु किहां ठाम प्र शि २
वीर कहे ऊर्ध्वलोकमां सिद्धशिला तणु ठाम हो गौतम।
स्वर्ग छावीस नी ऊपर, तहना बार नाम हो गौतम। शि ३।
लम्ब पैंतालीस योजन लाबी पहोली जाण हो गौतम।
आठ योजन जाडी बीचे छेह माखी पाख समान हो। गौ ४।
उज्ज्वल हार मोतीतणो, गो-दूध शंख वखाण हो गौतम!
तिणसु अधिकी उजली, उलट छत्र संठाण हो। गौ ५।
अर्जुन स्वर्ण सम दीपती, घटारी मठारी जाण हो गौतम!
फटिक रतन थकी निर्मली, सुवाली अत्यंत वखाण हो

—: नंदी स्तुति :—

वीर प्रभु की स्तुति

ाइ जग-जीव-जोणी वियाणओ, जग-गुरू जगाणदो ।
ा णाहो जग-बंधू, जयइ जग-प्पिया-महो भयवं ।१।

जग जीव तथा योनि के ज्ञाता अर्थात् सर्वज्ञ सर्वदर्शी
त् गुरु, विश्व के वल्लभ, षड्काय जीवों के नाथ, चराचर
बंधु तथा लोक पितामह भगवान जयवन्त हैं।

जयइ सुआण पभवो, तित्थयराण अपच्छिमो जयइ ।
जयइ गुरू लोगाण, जयइ महप्पा महावीरो ।२।

श्रुतज्ञान रूपी प्रवाह का पनावर समाज के मोह
धकार को नष्ट करने वाले अंतिम तीर्थंकर महात्मा श्री
ावार की विजय हो।

भद्द सव्व-जगुज्जोयगस्स, भद्द जिणस्स वीरस्स ।
भद्द सुरासुर-नमंसियस्स, भद्द धुय रयस्स ।३।

सारे जगत को अपनी चांदनी से उद्योतित करने वाले,
म कलंक से रहित चन्द्रमा के समान तथा देव दानवों से
जित वीर प्रभु हमारे लिए कल्याणकारी हों।

चतुर्विध संघ की स्तुति

ण-भवण गहण सुय-रयण,भरिय दसण विसुद्ध-रत्थागा।
ाघनगर ! भद्द ते, अखंड चारित्त-पागारा ।४।

हे संघ-नगर ! हे चतुर्विध संघ रूपी नगर ! तुम मे

क्षमा ब्रह्मचर्यादि गुण रूपी प्रासाद-महल पद पद पर खड़े हैं तुम आचारांग सूत्रकृतांग आदि श्रुत रत्नों से भरे हुए हो, तुम्हारे सम्यक्त्व रूपी मार्ग मिथ्यात्व रज रहित हैं तथा चारित्र रूप प्राकार-कोट अखण्ड-विराधना रहित हैं। हे संघनगर ! तुम्हारा कल्याण हो।

संजम-तव-तुंबारयस्स, नमो सम्मत्त पारियल्लस्स ।
अप्पडि-चक्कस्स जओ, होउ सया संघचक्कस्स ।५।

हे संघचक्र ! १७ प्रकार का संयम तुम्हारी नाभि-मध्य भाग है १२ प्रकार का तप तुम्हारे आरे-ऊपरी और मध्य भाग को जोड़नेवाले दण्ड है और शुद्ध सम्यक्त्व तुम्हारे पुट्ठे-ऊपरी भाग हैं। तुम अप्रतिचक्र हो अर्थात् तुम्हारा अलौकिक तेजस्विता के सम्मुख अन्य सभी प्रतिचक्र निस्तेज तथा शक्तिहीन बन जाते हैं। हे संघचक्र ! मैं तुम्हें नमस्कार करता हूँ। तुम्हारी सदा विजय हो।

भद्दं सील-पडागूसियस्स, तव नियम-तुरय-जुत्तस्स ।
संघरहस्स भगवओ, सज्झाय सुनंदि-घोसस्स ।६।

हे संघरथ ! तप नियम रूप जो वायु वेग अश्व तुम मे जुते हुए हैं। १८ हजार शीलांग रूपी ऊँची पताका तुम्हारे शिखर पर फहरा रही है जिनके दोनों चक्रों से पंच विध स्वाध्याय रूप मांगलिक ध्वनि निकल रही है तथा तुम परम ऐश्वर्य शाली हो, अर्थात् कोई भी विराधिन तो तुम्हारी समता

कर सकता है न तुम्हारी गति मे रुकावट ही डाल सकता है। हे भवरथ ! तुम्हारा कल्याण हो ।

कम्म रय-जलोह विणिग्गयस्स, सुय रयण दीहनालस्स।
पच महव्वय थिर कन्नियस्स, गुणकेसरालस्स ।७।
सावग-जण महुअरी परिवुडस्स, जिण सूर-तेय-बुद्धस्स ।
सघपउमस्स भद्द समण गण सहस्स पत्तस्स ।८।

हे सघ कमल ! कम कीचड मे भरे ससार सरोवर मे उत्पन्न होकर भी तुम उससे ऊँचे उठ हुए हो । श्रुतरत्न तुम्हारी दीर्घ नालिका और पच महाव्रत दृढ कर्णिका है । दश यति धर्मादि तुम्हारी पुष्प पराग और हजारो हजार मुनिराज तुम्हारे पत्ते हैं । तुम जिन सूय के देशना रूपी प्रकाश हुए हो तथा श्रावक भौरे तुम्हारे चारो ओर मडरा रहे हैं । हे सघ पद्म ! तुम्हारा कल्याण हो ।

तव-सजम मय लछण,अकिरिय-राहु-मुह - दुद्धरिस निच्च।
जय सघचद ! निम्मल-सम्मत्त विसुद्ध-जोण्हागा ! ।९।

हे सघ चन्द्रमा ! सयम तप तुम्हारा मगलाछन है तथा निमल सम्यक्त्व तुम्हारी दूध सी चांदनी है। नास्तिक-वादियो का अथवा शिथिलाचार का राहु तुम्हे त्रिकाल में भी ग्रस नही सकता । हे सघ चन्द्रमा ! तुम्हारी जय विजय हो ।

पर तित्थिय-गह-पह-नासगस्स, तव-तेय-दित्त-लेसस्स ।
नाणुज्जोयस्स जए, भद्द दमसघसूरस्स ।१०।

